# मॉडल प्रश्न-पत्र
## हिन्दी प्रतिष्ठा
## स्नातक प्रथम खंड (द्वितीय पत्र)

1. रीतिकाल को 'शृंगारकाल' किसने कहा है?
(क) रामचन्द्र शुक्ल (ख) पं. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(ग) हजारी प्रसाद द्विवेदी (घ) डॉ० बच्चन सिंह

2. 'रीतिकाल' नामकरण करनेवाले आचार्य हैं—
(क) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (ख) डॉ० बच्चन सिंह
(ग) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (घ) डॉ० रामकुमार वर्मा

3. रीतिकाल को अलंकृत काल किसने कहा है?
(क) मिश्र बन्धुओं ने (ख) डॉ० रामकुमार वर्मा ने
(ग) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने (घ) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने

4. इसमें से कौन रीतिकाल का प्रमुख रस है—
(क) शृंगार रस (ख) भयानक रस (ग) रौद्र रस (घ) वीभत्स रस

5. इसमें से कौन रीतिकाल से संबद्ध है—
(क) भारतेन्दु युग (ख) हालावाद (ग) छायावाद (घ)रीतिबद्ध काव्यधारा

6. रीतिसिद्ध काव्यधारा किस काल से संबद्ध है?
(क) भक्तिकाल (ख) रीतिकाल (ग) द्विवेदी युग (घ) प्रगतिवाद

7. रीतिमुक्त काव्यधारा किस काल से संबद्ध है?
(क) भक्तिकाल (ख) भारतेन्दु युग (ग) नकेनवाद (घ) रीतिकाल

8. इनमें से कौन रीतिसिद्ध कवि हैं?
(क) बिहारीलाल (ख) भूषण (ग) केशवदास (घ) घनानन्द

9. इनमें से कौन रीतिबद्ध कवि नहीं हैं?
(क) भूषण (ख) मतिराम (ग) ठाकुर (घ) केशवदास

10. 'ललितललाम' किनकी रचना है?
(क) देव (ख) बिहारी (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) मतिराम

11. 'रसराज' के रचनाकार कौन हैं?
(क) मतिराम (ख) चिन्तामणि (ग) केशवदास (घ) बिहारी

12. शिवराज भूषण के रचयिता कौन हैं?
(क) घनानन्द (ख) सेनापति (ग) मतिराम (घ) भूषण

13. शिवा बावनी किनकी रचना है?
(क) मतिराम (ख) देव (ग) बालकृष्ण भट्ट (घ) भूषण

14. भूषण की रचना कौन-सी है?
(क) नैनपचासा (ख) छत्रसाल दशक (ग) जनक पचीसी (घ) रसिक रसाल

15. वृत्तकौमुदी के रचनाकार कौन हैं?
(क) मतिराम (ख) घनानन्द (ग) केशवदास (घ) आल्हा

16. 'कविकुल कल्पतरु' के रचनाकार कौन हैं?
(क) बिहारी (ख) तोष (ग) चिन्तामणि (घ) रसनिधि

17. 'श्रृंगारमंजरी' के रचनाकार कौन हैं?

(क) रसनिधि (ख) सेनापति (ग) चिन्तामणि (घ) भूषण

18. 'अलंकारप्रकाश' के रचयिता कौन हैं?

(क) मतिराम (ख) घनानन्द (ग) भूषण (घ) सेनापति

19. 'भाषाभूषण' के रचयिता कौन हैं?

(क) मतिराम (ख) जसवन्त सिंह (ग) सेनापति (घ) बिहारी

20. 'भाव विलास' की रचना किसने की है?

(क) मतिराम (ख) देव (ग) सेनापति (घ) बिहारी

21. 'भवानीविलास' के रचयिता कौन हैं?

(क) सेनापति (ख) मतिराम (ग) देव (घ) भूषण

22. 'कुशलविलास' के रचनाकार कौन हैं?

(क) घनानन्द (ख) मतिराम (ग) सेनापति (घ) देव

23. 'जातिविलास' किनकी रचना है?

(क) देव (ख) मतिराम (ग) घनानन्द (घ) बिहारी

24. 'रस विलास' के रचनाकार कौन हैं?

(क) सेनापति (ख) देव (ग) घनानन्द (घ) मतिराम

25. 'काव्य रसायन' के रचनाकार कौन हैं?

(क) देव (ख) मतिराम (ग) भूषण (घ) सेनापति

26.'सुजानविनोद' किनकी रचना है?

(क) घनानन्द (ख) देव (ग) मतिराम (घ) सेनापति

27. 'सुजानहित प्रबंध' के रचनाकार कौन हैं?

(क) घनानन्द (ख) देव (ग) सेनापति (घ) बिहारी

28. 'वियोगबेलि' के रचनाकार कौन हैं?

(क) देव (ख) घनानन्द (ग) ठाकुर (घ) बिहारी

29. रीतिमुक्त काव्यधारा के कवि हैं—

(क) घनानन्द (ख) आलम (ग) तोष (घ) पद्माकर

30. 'इश्कलता' के रचनाकार कौन हैं?

(क) आलम (ख) बोधा (ग) घनानन्द (घ) बिहारी

31. 'यमुनायश' किनकी रचना है?

(क) ठाकुर (ख) घनानन्द (ग) भूषण (घ) सेनापति

32. 'प्रीतिपावस' के रचनाकार कौन हैं?

(क) बोधा (ख) ठाकुर (ग) आलम (घ) घनानन्द

33. 'रस पीयूषनिधि' किनकी रचना है?

(क) बिहारी (ख) देव (ग) श्रीपति (घ) घनानन्द

34. भिखारीदास की रचना कौन-सी है?

(क) काव्यनिर्णय (ख) हम्मीररासो (ग) ठाकुर-ठसक (घ) अलंकार प्रकाश

35. 'श्रृंगार निर्णय' के रचनाकार कौन हैं?

(क) भिखारीदास (ख) सेनापति (ग) भूपति (घ) बिहारी

36. 'रससारांश' की रचना किसने की है?
(क) सेनापति (ख) भिखारीदास (ग) घनानन्द (घ) आलम
37. 'छन्दप्रकाश' किसकी रचना है?
(क) घनानन्द (ख) आलम (ग) भिखारीदास (घ) भूषण
38. 'विरहवारीश' किनकी रचना है?
(क) बोधा (ख) ठाकुर (ग) सेनापति (घ) बिहारी
39. 'इश्कनामा' किनकी रचना है?
(क) बोधा (ख) ठाकुर (ग) घनानन्द (घ) आलम
40. 'जगद्विनोद' के रचनाकार कौन हैं?
(क) पद्माकर (ख) सेनापति (ग) बिहारी (घ) भूषण
41. 'पद्माभरण' के रचनाकार कौन हैं?
(क) सेनापति (ख) पद्माकर (ग) बिहारी (घ)भूषण
42. 'गंगालहरी' के रचनाकार कौन हैं?
(क) भूषण (ख) सेनापति (ग) पद्माकर (घ) देव
43. 'प्रबोधपचासा' के रचयिता कौन हैं?
(क) बिहारी (ख) केशवदास (ग) पद्माकर (घ) देव
44. 'कलिपच्चीसी' किनकी रचना है?
(क) देव (ख) पद्माकर (ग) मतिराम (घ) भूषण
45. 'श्रृंगारलतिका' के रचनाकार कौन हैं?
(क) द्विजदेव (ख) बिहारी (ग) घनानन्द (घ) भूषण
46. 'कृष्णचरित' किनकी रचना है?
(क) बिहारी (ख) चिन्तामणि (ग) मतिराम (घ) सेनापति
47. 'हिम्मतबहादुर विरुदावली' किनकी रचना है?
(क) सेनापति (ख) मतिराम (ग) पद्माकर (घ) देव
48. 'हम्मीरहठ' के रचनाकार कौन हैं?
(क) ग्वाल (ख) रहीम (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) भूषण
49. केशवदास की रचना है—
(क) भावविलास (ख) रसविलास (ग) रसिकप्रिया (घ) काव्यरसायन
50. 'अष्टयाम' के रचनाकार हैं—
(क) देव (ख) मतिराम (ग) भूषण (घ) बिहारी
51. 'रामचन्द्रिका' के रचनाकार कौन हैं?
(क) केशवदास (ख) पद्माकर (ग) भूषण (घ) घनानन्द
52. 'कविप्रिया' के रचनाकार कौन हैं?
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) हरिऔध (ग) केशवदास (घ) भारतेन्दु
53. 'भारती-भूषण' के रचयिता कौन हैं?
(क) केशवदास (ख) गिरिधर दास (ग) देव (घ) भूषण
54. रीतिकाल की किस काव्यधारा को स्वच्छन्द काव्यधारा कहा जाता है?
(क) रीतिबद्ध (ख) रीतिसिद्ध (ग) रीतिमुक्त (घ) रीतियुक्त

55. 'अलंकार चिन्तामणि' के रचनाकार कौन हैं?
(क) चिन्तामणि (ख) प्रताप शाही (ग) मतिराम (घ) भूषण
56. श्रृंगार शिरोमणि के रचयिता कौन हैं?
(क) प्रताप शाही (ख) भूषण (ग) मतिराम (घ) देव
57. 'रत्नचन्द्रिका' के रचयिता कौन हैं?
(क) सेनापति (ख) घनानन्द (ग) ठाकुर (घ) प्रताप शाही
58. 'छन्दार्णव पिंगल' के रचनाकार कौन हैं?
(क) भिखारीदास (ख) जसवंत सिंह (ग) हरिऔध (घ) चिन्तामणि
59. 'प्रेमतरंग' किनकी रचना है?
(क) सेनापति (ख) भारतेन्दु (ग) देव (घ) मतिराम
60. 'सुजान विनोद' के रचयिता कौन हैं?
(क) घनानन्द (ख) देव (ग) भिखारीदास (घ) भूषण
61. 'तोष' किस काल के कवि हैं?
(क) भक्तिकाल (ख) रीतिकाल (ग) आदिकाल (घ) आधुनिक काल
62. ग्वाल किस काल के कवि हैं?
(क) आदिकाल (ख) भक्तिकाल (ग) रीतिकाल (घ) आधुनिक काल
63. जसवंत सिंह किस काल के कवि हैं?
(क) आधुनिक काल (ख) रीतिकाल (ग) भक्तिकाल (घ) आदिकाल
64. 'बेनी प्राचीन' किस काल के रचनाकार हैं?
(क) आदिकाल (ख) आधुनिक काल (ग) भक्तिकाल (घ) रीतिकाल
65. 'वृन्द' किस काल के कवि हैं?
(क) आदिकाल (ख) रीतिकाल (ग) भक्तिकाल (घ) आधुनिक काल
66. 'द्विजदेव' रीतिकाल की किस काव्यधारा के कवि हैं?
(क) रीतिबद्ध (ख) रीतिसिद्ध (ग) रीतिमुक्त (घ) रीतियुक्त
67. 'सतसैया' किस कवि को कहा जाता है?
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) हरिऔध (ग) बिहारी (घ) घनानन्द
68. 'सतसैया के दोहरे, अरु नावक के तीर' किस कवि के लिए प्रसिद्ध है?
(क) मतिराम (ख) बिहारी (ग) भूषण (घ) सेनापति
69. 'सुजान हित' के रचनाकार कौन हैं?
(क) घनानन्द (ख) मतिराम (ग) हरिऔध (घ) देव
70. कृपाकंद के रचयिता कौन हैं?
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) भारतेन्दु (ग) घनानन्द (घ) सेनापति
71. 'वियोग बेलि' किनकी रचना है?
(क) ठाकुर (ख) आलम (ग) ग्वाल (घ) घनानन्द
72. 'द्विजदेव' किस काल के कवि हैं?
(क) आदिकाल (ख) भक्तिकाल (ग) आधुनिक काल (घ) रीतिकाल
73. 'लाल कवि' किस राजा के राजकवि थे?
(क) जयसिंह (ख) छत्रसाल (ग) औरंगजेब (घ) मुहम्मदशाह रंगीले

74. 'श्रृंगारलतिका' के रचनाकार कौन हैं?

(क) बोधा (ख) ठाकुर (ग) आलम (घ) द्विजदेव

75. 'श्रृंगारबत्तीसी' किनकी रचना है?

(क) लालकवि (ख) ग्वाल (ग) द्विजदेव (घ) देव

76. 'सूदन' किस काल के कवि हैं?

(क) आदिकाल (ख) रीतिकाल (ग) भारतेन्दु युग (घ) द्विवेदी युग

77. 'सुजान चरित' किनकी रचना है?

(क) बोधा (ख) ठाकुर (ग) सूदन (घ) हरिऔध

78. 'वृन्द' किस काल के कवि हैं?

(क) रीतिकाल (ख) आधुनिक काल (ग) भक्तिकाल (घ) अंधकार काल

79. 'नैनबत्तीसी' के रचनाकार कौन हैं?

(क) वृन्द (ख) आलम (ग) ठाकुर (घ) भूषण

80. इनमें से कौन रीतिकाल के कवि नहीं हैं?

(क) बिहारी (ख) मतिराम (ग) उस्मान (घ) घनानन्द

81. इनमें से कौन रीतिकाल के कवि नहीं है?

(क) भूषण (ख) मंझन (ग) देव (घ) केशवदास

82. 'दृष्टांत सतसई' किनकी रचना है?

(क) रहीम (ख) बोधा (ग) वृन्द (घ) बिहारी

83. 'भाव पंचाशिका' किस काल की रचना है?

(क) रीतिकाल (ख) आधुनिक काल (ग) भक्तिकाल (घ) आदिकाल

84. 'भाव पंचाशिका' के रचयिता कौन हैं?

(क) देव (ख) बिहारी (ग) वृन्द (घ) भूषण

85. पवन पचीसी के रचयिता कौन हैं?

(क) घनानन्द (ख) आलम (ग) सूदन (घ) वृन्द

86. 'श्रृंगार-शिक्षा' किनकी रचना है?

(क) आलम (ख) ठाकुर (ग) वृन्द (घ) केशवदास

87. 'यमक सतसई' किनकी रचना है?

(क) भूषण (ख) मतिराम (ग) जसवंत सिंह (घ) वृन्द

88. 'पद्‌माभरण' किस काल की रचना है?

(क) रीतिकाल (ख) आधुनिक काल (ग) आदिकाल (घ) भक्तिकाल

89. 'प्रबोध पंचाशिका' किस काल की रचना है?

(क) आधुनिक काल (ख) भक्तिकाल (ग) रीतिकाल (घ) आदिकाल

90. 'ईश्वर पच्चीसी' किनकी रचना है?

(क) आलम (ख) ठाकुर (ग) पद्‌माकर (घ) बिहारी

91. 'जमुनालहरी' किस काल की रचना है?

(क) आदिकाल (ख) भक्तिकाल (ग) रीतिकाल (घ) आधुनिक काल

92. 'गंगालहरी' किस काल की रचना है?

(क) आधुनिक काल (ख) रीतिकाल (ग) भक्तिकाल (घ) आदिकाल

93. 'रसिकानन्द' किस काल की रचना है?

(क) भक्तिकाल (ख) आदिकाल (ग) रीतिकाल (घ) आधुनिक काल

94. रसिकानन्द के रचनाकार कौन हैं?

(क) तोष (ख) घनानन्द (ग) ग्वाल (घ) भारतेन्दु

95.'भूषण' के काव्य की प्रमुख प्रवृत्ति कौन-सी है?

(क) वीरता (ख) शृंगार (ग) भक्ति (घ) नीति

96. 'कठिन काव्य का प्रेत' किसे कहा जाता है?

(क) भूषण को (ख) केशवदास को (ग) देव को (घ) बिहारी को

97. 'रामचन्द्रिका' किस काल की रचना है?

(क) आदिकाल (ख) भक्तिकाल (ग) रीतिकाल (घ) आधुनिक काल

98. किस काल में अधिकतर लक्षण-ग्रंथ लिखे गये?

(क) आदिकाल (ख) भक्तिकाल (ग) रीतिकाल (घ) आधुनिक काल

99. बिहारी की कविताओं में कौन-सी प्रवृत्ति नहीं है?

(क) शृंगार (ख) भक्ति (ग) वीरता (घ) नीति

100. किनके काव्य में भक्ति, नीति और शृंगार का संगम है?

(क) भूषण (ख) हरिऔध (ग) बिहारी (घ) 'प्रेमघन'

101. 'भारतेन्दु युग' किस काल के अन्दर परिगणित है?

(क) आधुनिक काल (ख) भक्तिकाल (ग) रीतिकाल (घ) आदिकाल

102. भारतेन्दु-युग की अवधि कब से कब तक मान्य है?

(क) 1850-1900 ई0 (ख) 1900-1920 ई0 (ग) 1920-1938 ई0 (घ) 1700-1800 ई0

103. 'प्रेम मालिका' किनकी रचना है?

(क) भारतेन्दु (ख) मतिराम (ग) घनानन्द (घ) हरिऔध

104. 'प्रेम सरोवर' किनकी रचना है?

(क) भारतेन्दु (ख) 'प्रेमघन' (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) देव

105. 'गीत-गोविन्दानन्द' के रचनाकार कौन हैं?

(क) रामधारी सिंह दिनकर (ख) भारतेन्दु (ग) हरिऔध (घ) रामनरेश त्रिपाठी

106. 'वर्षा-विनोद' के रचनाकार कौन हैं?

(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) भारतेन्दु (ग) घनानन्द (घ) मतिराम

107. 'प्रेम फुलवारी' के रचनाकार कौन हैं?

(क) भारतेन्दु (ख) रामनरेश त्रिपाठी (ग) बालकृष्ण भट्ट (घ) केशवदास

108. 'वेणु गीति' के रचनाकार कौन हैं?

(क) प्रतापनारायण मिश्र (ख) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'

(ग) भारतेन्दु (घ) मैथिलीशरण गुप्त

109. 'हरिश्चन्द्र मैगजीन' किस युग की पत्रिका है?

(क) छायावाद (ख) भारतेन्दु युग (ग) द्विवेदी युग (घ) प्रगतिवाद

110. 'दशरथ-विलाप' के रचनाकार कौन हैं?

(क) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' (ख) रामनरेश त्रिपाठी

(ग) भारतेन्दु (घ) मतिराम

111. 'फूलों का गुच्छा' के रचनाकार कौन हैं?
(क) प्रतापनारायण मिश्र (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) चिन्तामणि त्रिपाठी (घ) भारतेन्दु
112. 'आनन्द कादम्बिनी' के संपादक कौन हैं?
(क) भारतेन्दु (ख) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(ग) प्रतापनारायण मिश्र (घ) बालमुकुन्द गुप्त
113. 'नागरी नीरद' का संपादन किसने किया है?
(क) बालमुकुन्द गुप्त (ख) बालकृष्ण भट्ट
(ग) भारतेन्दु (घ) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
114. 'जीर्ण-जनपद' किनकी रचना है?
(क) बालकृष्ण भट्ट (ख) रामनरेश त्रिपाठी
(ग) प्रेमचन्द (घ) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
115. 'आनन्द अरुणोदय' के रचनाकार कौन हैं?
(क) बालमुकुन्द गुप्त (ख) बालकृष्ण भट्ट
(ग) भारतेन्दु (घ) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
116. 'हार्दिक हर्षादर्श' के रचनाकार कौन हैं?
(क) भारतेन्दु (ख) बालकृष्ण भट्ट
(ग) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' (घ) रामनरेश त्रिपाठी
117. 'मयंक महिमा' के रचयिता कौन हैं?
(क) रामनरेश त्रिपाठी (ख) बालकृष्ण भट्ट
(ग) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' (घ) मैथिलीशरण गुप्त
118. 'अलौकिक लीला' के रचनाकार कौन हैं?
(क) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन (ख) बालकृष्ण भट्ट
(ग) रामनरेश त्रिपाठी (घ) भारतेन्दु
119. 'वर्षा-बिन्दु' के रचयिता कौन हैं?
(क) बालकृष्ण भट्ट (ख) प्रतापनारायण मिश्र
(ग) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' (घ) हरिऔध
120. 'ब्राह्मण' के संपादक कौन हैं?
(क) बालकृष्ण भट्ट (ख) बालमुकुन्द गुप्त (ग) हरिऔध (घ) प्रतापनारायण मिश्र
121. 'प्रेमपुष्पावली' के रचयिता कौन हैं?
(क) प्रतापनारायण मिश्र (ख) भारतेन्दु (ग) देव (घ) भूषण
122. 'मन की लहर' के रचनाकार कौन हैं?
(क) प्रतापनारायण मिश्र (ख) बालमुकुन्द गुप्त (ग) राधाकृष्ण दास (घ) अंबिकादत्त व्यास
123. 'लोकोक्ति शतक' के रचयिता कौन हैं?
(क) जगन्मोहन सिंह (ख) अंबिकादत्त व्यास (ग) प्रतापनारायण मिश्र (घ) भारतेन्दु
124. 'श्रृंगार विलास' के रचयिता कौन हैं?
(क) राधाकृष्ण दास (ख) बालमुकुन्द गुप्त (ग) प्रतापनारायण मिश्र (घ) भारतेन्दु
125. 'प्रेम सम्पत्तिलता' किनकी रचना है?
(क) राधाकृष्ण दास (ख) जगन्मोहन सिंह (ग) भारतेन्दु (घ) बालकृष्ण भट्ट

126. 'श्यामलता' किनकी रचना है?
(क) जगन्मोहन सिंह (ख) बालमुकुन्द गुप्त (ग) राधाकृष्ण दास (घ) बालकृष्ण भट्ट
127. 'श्यामा-सरोजिनी' किनकी रचना है?
(क) अंबिकादत्त व्यास (ख) जगन्मोहन सिंह
(ग) राधाकृष्ण दास (घ) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
128. 'देवयानी' के रचनाकार कौन हैं?
(क) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' (ख) अंबिकादत्त व्यास
(ग) जगन्मोहन सिंह (घ) बालमुकुन्द गुप्त
129. 'पीयूष प्रवाह' के संपादक इनमें से कौन हैं—
(क) अंबिकादत्त व्यास (ख) बालमुकुन्द गुप्त
(ग) भारतेन्दु (घ) प्रतापनारायण मिश्र
130. 'पावस पचासा' किनकी रचना है?
(क) भारतेन्दु (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) हरिऔध (घ) अंबिकादत्त व्यास
131. 'सुकवि सतसई' किनकी रचना है
(क) भारतेन्दु (ख) अंबिकादत्त व्यास (ग) बालमुकुन्द गुप्त (घ) राधाकृष्ण दास
132. 'बिहारी-बिहार' किनकी रचना है?
(क) अंबिकादत्त व्यास (ख) राधाकृष्ण दास (ग) भारतेन्दु (घ) प्रतापनारायण मिश्र
133. विषस्य विषमौषधम के रचनाकार कौन हैं?
(क) प्रतापनारायण मिश्र (ख) राधाकृष्ण दास (ग) भारतेन्दु (घ) बालमुकुन्द गुप्त
134. 'भारत-दुर्दशा' किनकी रचना है?
(क) महावीर प्र0 द्विवेदी (ख) भारतेन्दु (ग) प्रतापनारायण मिश्र (घ) जयशंकर प्रसाद
135. 'अन्धेर नगरी' किनकी रचना है?
(क) भारतेन्दु (ख) श्यामसुन्दर दास (ग) राधाकृष्ण गोस्वामी (घ) बालमुकुन्द गुप्त
136. 'हिन्दी-प्रदीप' के संपादक कौन थे?
(क) बालमुकुन्द गुप्त (ख) बालकृष्ण भट्ट (ग) राधाकृष्ण दास (घ) प्रतापनारायण मिश्र
137. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने किस पत्रिका का संपादन किया?
(क) ब्राह्मण (ख) हिन्दी प्रदीप (ग) नागरी नीरद (घ) सरस्वती
138. 'प्रियप्रवास' के रचयिता कौन हैं?
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(ग) रामनरेश त्रिपाठी (घ) गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही'
139. 'पद्म प्रसून' के रचनाकार कौन हैं?
(क) रामनरेश त्रिपाठी (ख) गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही'
(ग) अंबिकादत्त व्यास (घ) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
140. 'रसकलस' किनकी रचना है?
(क) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ख) भारतेन्दु
(ग) रामचरित उपाध्याय (घ) राधाकृष्ण दास
141. 'वैदेही-वनवास' किनकी रचना है?
(क) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ख) रामचरित उपाध्याय
(ग) गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही' (घ) बालमुकुन्द गुप्त

142. 'जयद्रथ वध' किनकी रचना है?
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) हरिऔध (ग) भारतेन्दु (घ) अंबिकादत्त व्यास
143. 'भारत-भारती' के रचनाकार कौन हैं?
(क) रामनरेश त्रिपाठी (ख) रामचरित उपाध्याय (ग) राधाकृष्ण दास (घ) मैथिलीशरण गुप्त
144. 'पंचवटी' किनकी रचना है?
(क) भारतेन्दु (ख) गया प्रसाद शुक्ल (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) राधाकृष्ण दास
145. 'झंकार' के रचनाकार कौन हैं?
(क) भारतेन्दु (ख) रामचरित उपाध्याय (ग) प्रेमघन (घ) मैथिलीशरण गुप्त
146. 'साकेत' किनकी काव्य-कृति है?
(क) 'हरिऔध' (ख) रूपनारायण पांडेय (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) 'प्रेमघन'
147. 'यशोधरा' के रचनाकार कौन हैं?
(क) बालकृष्ण भट्ट (ख) हरिऔध (ग) रामनरेश त्रिपाठी (घ) गया प्र. शुक्ल सनेही
148. 'द्वापर' के रचयिता कौन हैं?
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) हरिऔध
(ग) रामनरेश त्रिपाठी (घ) गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही'
149. 'जय भारत' की रचना किसने की है?
(क) 'मैथिलीशरण गुप्त (ख) रामचरित उपाध्याय (ग) भारतेन्दु (घ) हरिऔध
150. 'विष्णु प्रिया' किनकी रचना है?
(क) 'हरिऔध' (ख) 'प्रेमघन' (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) रामचरित उपाध्याय
151. 'मिलन' किनकी काव्य-कृति है?
(क) गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही' (ख) रामनरेश त्रिपाठी
(ग) भारतेन्दु (घ) 'हरिऔध'
152. 'पथिक' के रचनाकार कौन हैं?
(क) मतिराम (ख) रामनरेश त्रिपाठी (ग) देव (घ) हरिऔध
153. 'स्वप्न' के रचयिता कौन हैं?
(क) घनानन्द (ख) भारतेन्दु (ग) रामनरेश त्रिपाठी (घ) मैथिलीशरण गुप्त
154. 'मानसी' किनकी कविताओं का संग्रह है?
(क) भूषण (ख) बिहारी (ग) भारतेन्दु (घ) रामनरेश त्रिपाठी
155. 'वीर क्षत्राणी' के रचनाकार कौन हैं?
(क) बालमुकुन्द गुप्त (ख) लाला भगवान दीन (ग) रामनरेश त्रिपाठी (घ) रूपनारायण पांडेय
156. 'वीर बालक' किनकी रचना है?
(क) भारतेन्दु (ख) हरिऔध (ग) लाला भगवान दीन (घ) देव
157. 'वीर पंचरत्न' के रचयिता कौन हैं?
(क) लाला भगवान दीन (ख) रामनरेश त्रिपाठी (ग) भारतेन्दु (घ) बालमुकुन्द गुप्त
158. 'साकेत' किस काल की रचना है?
(क) आधुनिक काल (ख) भक्तिकाल (ग) आदिकाल (घ) रीतिकाल
159. 'नवीन बीन' किनका काव्य-संग्रह है?
(क) लाला भगवान दीन (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) बालमुकुन्द गुप्त (घ) हरिऔध

160. बालकृष्ण भट्ट किस युग के रचनाकार हैं?
(क) भारतेन्दु युग (ख) द्विवेदी युग (ग) छायावादी युग (घ) प्रगतिवादी युग
161. महावीर प्रसाद द्विवेदी किस युग के प्रतिनिधि साहित्यकार हैं?
(क) छायावादी युग (ख) द्विवेदी युग (ग) भारतेन्दु युग (घ) प्रगतिवादी युग
162. इनमें से कौन रीतिकाल के कवि नहीं हैं?
(क) बिहारी (ख) रैदास (ग) केशवदास (घ) मतिराम
163. इनमें से कौन भारतेन्दु युग के कवि नहीं हैं?
(क) भारतेन्दु (ख) प्रताप नारायण मिश्र (ग) सेनापति (घ) 'प्रेमघन'
164. इनमें से कौन द्विवेदी-युग के कवि हैं?
(क) घनानन्द (ख) राधाकृष्ण दास (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) आलम
165. इनमें से कौन द्विवेदी युग के कवि नहीं हैं?
(क) रामचरित उपाध्याय (ख) गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही'
(ग) रामनरेश त्रिपाठी (घ) अंबिकादत्त व्यास
166. इनमें से कौन द्विवेदी-युग के कवि हैं?
(क) अंबिकादत्त व्यास (ख) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(ग) केशवदास (घ) रामनरेश त्रिपाठी
167. 'प्रियप्रवास' किस युग की रचना है?
(क) भारतेन्दु-युग (ख) छायावादी युग (ग) द्विवेदी युग (घ) प्रगतिवादी युग
168. 'स्वदेशी-कुण्डल' किनकी रचना है?
(क) राय देवीप्रसाद पूर्ण (ख) मैथिलीशरण गुप्त
(ग) वृन्द (घ) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
169. 'मृत्युंजय' के रचनाकार कौन हैं?
(क) गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही' (ख) राय देवीप्रसाद पूर्ण
(ग) रामचरित उपाध्याय (घ) राधाकृष्ण दास
170. 'राम-रावण-विरोध' के रचनाकार कौन हैं?
(क) राय देवीप्रसाद पूर्ण (ख) केशवदास
(ग) रामचरित उपाध्याय (घ) गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही'
171. 'वसंत-वियोग' किनकी रचना है?
(क) घनानन्द (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) राय देवीप्रसाद पूर्ण (घ) वृन्द
172. रीतिकाल की अवधि कब से कब तक मान्य है?
(क) संवत् 1050-1375 (ख) संवत् 1900-अबतक
(ग) संवत् 1700-1900 (घ) संवत् 1375-1700
173. द्विवेदी-युग का नामकरण किनके नाम पर हुआ है?
(क) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (ख) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
(ग) आचार्य मन्नन द्विवेदी (घ) आचार्य विश्वनाथ द्विवेदी
174. 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन वर्ष क्या है?
(क) 1800 ई0 (ख) 1900ई0 (ग) 1850 ई0 (घ) 1750 ई0

175. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' के संपादन का कार्य–भार कब से संभाला?
(क) 1900 ई0 से (ख) 1903 ई0 से (ग) 1905 ई0 से (घ) 1920 ई0 से
176. द्विवेदी–युग के प्रसिद्ध निबंधकार इनमें से कौन हैं?
(क) बालकृष्ण भट्ट (ख) बालमुकुन्द गुप्त (ग) रामचन्द्र शुक्ल (घ) जयशंकर प्रसाद
177. द्विवेदी युग के प्रसिद्ध उपन्यासकार इनमें से कौन हैं?
(क) जगन्मोहन सिंह (ख) भगवतीचरण वर्मा (ग) जयशंकर प्रसाद (घ) प्रेमचन्द
178. 'रंग में भंग' किनकी रचना है?
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ग) ठाकुर (घ) मतिराम
179. 'मेरी भव बाधा हरो' के कवि कौन हैं?
(क) बिहारीलाल (ख) मतिराम (ग) केशवदास (घ) वृन्द
180. 'अधर धरत हरि के परत' किनका काव्यांश है?
(क) देव (ख) जगन्मोहन सिंह (ग) भारतेन्दु (घ) बिहारीलाल
181. 'सोहत ओढ़े पीतपट' के रचयिता कौन हैं?
(क) मतिराम (ख) जसवंत सिंह (ग) बिहारीलाल (घ) हरिऔध
182. 'कहत नटत रीझत खिझत' की रचना किस काल में हुई?
(क) आदिकाल (ख) भक्तिकाल (ग) रीतिकाल (घ) आधुनिक काल
183. 'सीस मुकुट कटि काछनी' के रचनाकार कौन हैं?
(क) देव (ख) वृन्द (ग) बिहारी लाल (घ) मैथिलीशरण गुप्त
184. 'चिरजीवौ जोरी जुरै' के रचनाकार कौन हैं?
(क) भूषण (ख) भारतेन्दु (ग) हरिऔध (घ) बिहारी लाल
185. 'तंत्रीनाद कवित्त रस, सरस राग रति रंग' के रचयिता कौन हैं?
(क) भूषण (ख) भारतेन्दु (ग) घनानन्द (घ) बिहारीलाल
186. 'भूषन भार सम्हारि है, क्यों इहि तन सुकुमार' के रचनाकार कौन हैं?
(क) भूषण (ख) हरिऔध (ग) देव (घ) बिहारीलाल
187. 'रुनित भृंग घंटावली झरत दान मधु नीर' किनका काव्यांश है?
(क) बिहारीलाल (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) बोधा (घ) वृन्द
188. 'जिन दिन देखे वे सुमन गई सु बीति बहार' के रचयिता कौन हैं?
(क) जगन्मोहन सिंह (ख) मतिराम (ग) बिहारीलाल (घ) भूषण
189. 'इहि आसा अटक्यो रहै, अलि गुलाब के मूल' के कवि कौन हैं?
(क) देव (ख) सेनापति (ग) केशवदास (घ) बिहारीलाल
190. 'चटक न छाँड़त घटतहू सज्जन नेह गंभीर' के कवि कौन हैं?
(क) भूषण (ख) बिहारीलाल (ग) घनानन्द (घ) देव
191. 'छकि रसाल सौरभ सने, मधुर माधवी गंध' के कवि कौन हैं?
(क) देव (ख) केशवदास (ग) बिहारीलाल (घ) हरिऔध
192. 'अंग–अंग नग जगमगै, दीपशिखा–सी देह' किनका काव्यांश है?
(क) भारतेन्दु (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) बिहारीलाल (घ) हरिऔध
193. 'बैठ रही अति सघन बन, पैठि सदन तन माँहि' के कवि कौन हैं?
(क) भूषण (ख) देव (ग) मतिराम (घ) बिहारीलाल

194. छिप्यो छबीलो मुख लसै, नीले अंचल चीर' के कवि कौन हैं?

(क) घनानन्द (ख) मतिराम (ग) बिहारीलाल (घ) भूषण

195. कोटि जतन कोऊ करौ, परै न प्रकृतिहिं बीच' के कवि कौन हैं?

(क) बिहारीलाल (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) देव (घ) सेनापति

196. 'संगति सुमति न पावहिं, परे कुमति के धंध' के कवि कौन हैं?

(क) मतिराम (ख) बिहारीलाल (ग) भूषण (घ) घनानन्द

197. 'गिरि ते ऊँचे रसिक मन, बूड़े जहाँ हजार' के रचयिता कौन हैं?

(क) घनानन्द (ख) भारतेन्दु (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) बिहारीलाल

198. 'लाज लगाम न मानहिं, नैना मों बस नाहिं' के कवि कौन हैं?

(क) घनानन्द (ख) बिहारीलाल (ग) देव (घ) मतिराम

199. 'मोहनी मूरति स्याम की, अति अद्‌भुत गति जोय' के कवि कौन हैं?

(क) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ख) देव (ग) बिहारीलाल(घ) मतिराम

200. 'नित प्रति एकत ही रहत, बैस बरन मन एक' के कवि कौन हैं?

(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) घनानन्द (ग) मतिराम (घ) बिहारीलाल

201. 'तेरो तेज सरजा समत्थ दिनकर सो है' किनकी पंक्ति है?

(क) मतिराम (ख) भूषण (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) भारतेन्दु

202. 'साहि के सपूत सिवा, साहि दानि! तेरो कर' के कवि कौन हैं?

(क) भूषण (ख) देव (ग) हरिऔध (घ) घनानन्द

203. 'इन्द्र जिमि जंभ पर बाड़व सुअंभ पर' के रचयिता कौन हैं?

(क) देव (ख) बिहारीलाल (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) भूषण

204. 'तेज-तम-अंस पर कान्ह जिमि कंस पर' के कवि कौन हैं?

(क) बिहारी (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) भूषण (घ) मतिराम

205. 'सीय संग सोभित सुलच्छन सहाय जाके' के कवि कौन हैं?

(क) देव (ख) हरिऔध (ग) भूषण (घ) वृन्द

206. 'तेगहि के भेटै जौन राकस मरद जान्यो' के रचयिता कौन हैं?

(क) घनानन्द (ख) रामनरेश त्रिपाठी (ग) बिहारी (घ) भूषण

207. 'प्रेतिनी पिचास न निसाचर निसचरिहु' के रचनाकार कौन हैं?

(क) 'हरिऔध' (ख) भूषण (ग) भारतेन्दु (घ) देव

208. 'सिवा पूछै सिवा सों समाज आजु कहाँ चली' किनकी कविता का अंश है?

(क) देव (ख) मतिराम (ग) भूषण (घ) घनानन्द

209.'उतरि पलंग ते न दियो है धरा पै पग' किनका काव्यांश है?

(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) हरिऔध (ग) घनानन्द (घ) भूषण

210. 'कोऊ करैं घाती, कोऊ रोतीं पीटि छाती' किनकी रचना है?

(क) बिहारी (ख) मतिराम (ग) भारतेन्दु (घ) भूषण

211. 'ऊँचे घोर मन्दर के अन्दर रहनवारी' किनका काव्यांश है?

(क) भूषण (ख) देव (ग) हरिऔध (घ) घनानन्द

212. 'भूषण सिथिल अंग भूषन सिथिल अंग, विजन डुलाती तै वे विजन डुलाती हैं' किनकी रचना है?

(क) बिहारी (ख) हरिऔध (ग) मतिराम (घ) भूषण

213. ‘कन्द मूल भोग करै, कन्दमूल भोग करै, तीनि बेर खाती, तै वै तीनि बेर खाती हैं’ किनकी रचना है?

(क) मतिराम (ख) देव (ग) भूषण (घ) भारतेन्दु

214. ‘निकसत म्यान ते मयूखै प्रलै-भानु कैसी फारैं तम-तोम से गयंदन के जाल को’ किनका काव्यांश है?

(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) मतिराम (ग) भूषण (घ) देव

215. ‘प्रतिभट कटक कटीले केते काटि-काटि, कालिका-सी किलकि कलेऊ देति काल को’ के रचयिता कौन हैं?

(क) हरिऔध (ख) देव (ग) घनानन्द (घ) भूषण

216. ‘आपस की फूट ही ते सारे हिन्दुवान टूटे, टूट्यो कुल रावन अनीति अति करतैं।’ के रचनाकार कौन हैं?

(क) हरिऔध (ख) भारतेन्दु (ग) भूषण (घ) देव

217. ‘राम-कर छुवन तें टूट्यो ज्यों महेस-चाप, टूटी पातसाही सिवराज संग लरते’ के रचनाकार कौन हैं?

(क) घनानन्द (ख) बिहारीलाल (ग) भारतेन्दु (घ) भूषण

218. ‘कुन्दन को रंग फीकौ लगै, झलकें अति अंगन चारु गोराई’ के रचनाकार कौन हैं?

(क) देव (ख) बिहारीलाल (ग) हरिऔध (घ) मतिराम

219. ‘ज्यों-ज्यों निहारिए नेरे ह्वै नैननि, त्यों-त्यों खरी निकरै-सी निकाई’ किनका काव्यांश है?

(क) भारतेन्दु (ख) घनानन्द (ग) मतिराम (घ) देव

220. ‘क्यों इन आँखिन सों निरसंक ह्वै मोहन को तन-पानिप पीजै’ के रचयिता कौन हैं?

(क) बिहारी (ख) देव (ग) हरिऔध (घ) मतिराम

221. ‘ह्वै बनमाल हिए लागिए अरु ह्वै मुरली अधरा रस-लीजै’ के रचयिता कौन हैं?

(क) भारतेन्दु (ख) घनानन्द (ग) मतिराम (घ) ‘हरिऔध’

222. ‘गुच्छन को अवतंस लसै, सिखि-पच्छन अच्छ किरीट बनायो’ के रचयिता कौन हैं?

(क) मतिराम (ख) घनानन्द (ग) देव (घ) भारतेन्दु

223. ‘गुंजन को उर मंजुल हार, निकुंजन ते कढ़ि बाहर आयो’ के रचयिता कौन हैं?

(क) देव (ख) मतिराम (ग) बिहारीलाल (घ) हरिऔध

224. ‘आजु को रूप लखै ब्रजराज को आजु ही आँखिन को फल पायो’ के रचयिता कौन हैं?

(क) घनानन्द (ख) हरिऔध (ग) मतिराम (घ) देव

225. ‘मोर पखा मतिराम किरीटनि कंठ बनी बनमाल सुहाई’ के कवि कौन हैं?

(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) हरिऔध (ग) भारतेन्दु (घ) मतिराम

226. ‘लोचन लोल, बिसाल बिलोकनि, को न बिलोकि भयो बस माई?’ के रचयिता कौन हैं?

(क) देव (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) घनानन्द (घ) मतिराम

227. ‘वा मुख की मधुराई कहा कहौं मीठो लगै अंखियान लुनाई’ किनका काव्यांश हैं?

(क) घनानन्द (ख) बिहारी (ग) मतिराम (घ) देव

228. ‘छाँह करे छिति मंडल पै, सब ऊपर यो मतिराम भये हैं’ के रचनाकार कौन हैं?

(क) देव (ख) भारतेन्दु (ग) मतिराम (घ) केशवदास

229. 'नेही महा ब्रजभाषा प्रवीन और सुंदरतानि के भेद को जाने' के कवि कौन हैं?
(क) देव (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) हरिऔध (घ) घनानन्द
230. 'चाह के रंग में भींज्यो हियो बिछुरे मिले प्रीतम सांति न मानै' के कवि कौन हैं?
(क) घनानन्द (ख) मतिराम (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) भारतेन्दु
231. 'प्रेम सदा अति ऊँचो लहै सु कहै इहि भांति की बात छकी' किनका काव्यांश है?
(क) भारतेन्दु (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) घनानन्द (घ) हरिऔध
232. 'जग की कविताई के धोखे रहे ह्याँ प्रवीननि की मति जाति जकी' के कवि कौन हैं?
(क) बिहारीलाल (ख) घनानन्द (ग) मतिराम (घ) हरिऔध
233. 'पहिले अपनाय सुजान सनेह सों, क्यों फिर नेह को तोरिए जू' किनका काव्यांश है?
(क) देव (ख) बिहारीलाल (ग) घनानन्द (घ) भारतेन्दु
234. 'रावरे रूप की रीति अनूप नयो-नयो लागत ज्यों-ज्यों निहारिए' के रचनाकार कौन हैं?
(क) देव (ख) घनानन्द (ग) मतिराम (घ) बिहारी
235. 'अति सूधो सनेह को मारग है, जहाँ नेकु समानप बाँक नहीं' किनका काव्यांश है?
(क) घनानन्द (ख) बिहारी (ग) भूषण (घ) भारतेन्दु
236. 'तुम कौन धो पाटी पढ़े हो कहौ मन लेहु पे देहु छटाँक नहीं' के रचयिता कौन हैं?
(क) बिहारी (ख) घनानन्द (ग) मतिराम (घ) 'हरिऔध'
237. 'जिन आँखिन रूप चिन्हारि भई, तिनकी नित नींदहि जागनि है' के रचयिता कौन हैं?
(क) घनानंद (ख) भूषण (ग) मतिराम (घ) मैथिलीशरण गुप्त
238. 'परकाजहिं देह को धारि फिरे, परजन्य जथारथ ह्वै दरसो' के रचनाकार कौन हैं?
(क) घनानन्द (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) देव (घ) भूषण
239. 'कबहूँ वा बिसासी सुजान के आँगन मो अँसुवानहि लै बरसो' किनकी रचना है?
(क) देव (ख) भूषण (ग) मतिराम (घ) घनानन्द
240. 'निधि-नीर सुधा के समान करो, सबहि विधि सज्जनता सरसो' किनकी रचना है?
(क) भारतेन्दु (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) मतिराम (घ) घनानन्द
241. 'जिनको नित नीके निहारत हौं, तिनको अँखिया अब रोवति हैं' किनकी कविता है?
(क) मतिराम (ख) हरिऔध (ग) घनानन्द (घ) भूषण
242. 'पल पाँवड़े पायनि चायनि सो अँसुवान के धारनि धोवति हैं' किनका काव्यांश है?
(क) मतिराम (ख) भूषण (ग) भारतेन्दु (घ) घनानन्द
243. 'जबते तुम आवनि आस दई, तबते तरफौं कब आयहौं जू' के रचयिता कौन हैं?
(क) घनानन्द (ख) भूषण (ग) भारतेन्दु (घ) हरिऔध
244. 'मन आतुरता मन ही में लखौं मनभावन जाम सुभाय हौं जू' के रचनाकार कौन हैं?
(क) मतिराम (ख) घनानन्द (ग) देव (घ) बिहारी
245. 'विधि के दिन लों छिन बाढ़ि परे, यह जानि वियोग बिताय हौं जू' किनकी रचना है?
(क) मतिराम (ख) बिहारी (ग) घनानन्द (घ) भूषण
246. 'निरधार आधार दे धार मँझार दई गहि बाँह न बोरिए जू' के रचनाकार कौन हैं?
(क) घनानन्द (ख) देव (ग) बिहारी (घ) भूषण
247. 'पायनि नूपुर मंजु बजै, कटि किंकिणी में धुनि की मधुराई' किनका काव्यांश है?
(क) मतिराम (ख) देव (ग) भारतेन्दु (घ) हरिऔध

248. 'जै जग-मंदिर-दीपक सुन्दर, श्री ब्रजदूल्ह देव-सहाई' के रचयिता कौन हैं?
(क) घनानन्द (ख) भूषण (ग) देव (घ) भारतेन्दु
249. 'जबते कुँवर कान्ह रावरी कला-निधान, कान परी वाके कहूँ सुजस कहानी-सी' के रचयिता कौन हैं?
(क) बिहारी (ख) देव (ग) भारतेन्दु (घ) भूषण
250. 'बींधी-सी बँधी-सी बिस बूड़ी-सी विमोहित-सी बैठी वह बकति बिलोकति बिकानि-सी' के रचयिता कौन हैं?
(क) देव (ख) भूषण (ग) मतिराम (घ) बिहारी
251. 'धार में घाय धँसी निराधार ह्वै, जाय फँसी उकसीं न अवेरी' किनकी रचना है?
(क) बिहारीलाल (ख) देव (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) भारतेन्दु
252. 'बेगिही बूड़ी गयीं पँखिया, अँखिया मधु की मखिया भई मेरी' किनका काव्यांश है?
(क) घनानन्द (ख) बिहारी (ग) देव (घ) हरिऔध
253. 'झहरि-झहरि झीनी बूँद है परति मानो, घहरि घहरि घटा घिरी है गगन में' के रचयिता कौन हैं?
(क) मतिराम (ख) घनानन्द (ग) भारतेन्दु (घ) देव
254. 'आनि कह्यो स्याम मों सो चलो झूलिबे कौ आजु, फूली न समानी, भयी ऐसी ही मगन में' कवि कौन हैं?
(क) भारतेन्दु (ख) हरिऔध (ग) देव (घ) घनानन्द
255. 'आँखि खोलि देखौं तो न घन है न घनस्याम बेई छायी बूँद मेरे आँसू ह्वै दृगन में' के रचनाकार कौन हैं?
(क) हरिऔध (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) बिहारीलाल (घ) देव
256. 'सुनि कै धुनि चाहत मोरनि की चहुँ ओरनि कोकिल कूकनि सों' किनका काव्यांश है?
(क) बिहारीलाल (ख) भूषण (ग) भारतेन्दु (घ) देव
257. 'अनुराग-भरे हरि बागनि में, सखि रागत राग अचूकनि सों' के रचयिता कौन हैं?
(क) देव (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) घनानन्द (घ) भूषण
258. 'रंगराती हरी हहराती लता, झुक जाती समीर की झूँकनि सों' किनकी रचना है?
(क) भूषण (ख) हरिऔध (ग) देव (घ) बिहारी
259. 'डार द्रुम पालना, बिछौना नव पल्लव के, सुमन झगूला सोहै तन छवि भारी दै' के रचनाकार कौन हैं?
(क) बिहारी (ख) घनानन्द (ग) भूषण (घ) देव
260. 'पवन झुलावे केकी-कीर बतरावे देव कोकिल हलावै हुलसावै करतारी दै' के कवि कौन हैं?
(क) देव (ख) घनानन्द (ग) भूषण (घ) मतिराम
261. 'पूरित पराग सों उतारी करै राई-नोन, कंज-कली नायिका लतानि पुचकारि दै' के रचनाकार कौन हैं?
(क) घनानन्द (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) हरिऔध (घ) देव
262. 'मदन महीप जू को बालक वसंत, ताहि प्रातहिं जगावत गुलाब चटकारी दै' के कवि कौन हैं?
(क) बिहारीलाल (ख) भूषण (ग) देव (घ) मतिराम

263. 'राजत राज समाज में बाजत, साजत है सुख-साज घनेरो' के रचनाकार कौन हैं?
(क) भूषण (ख)देव (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) मतिराम
264. किस कवि ने कवित्त छंद में रचना नहीं की :
(क) सेनापति (ख) बिहारी (ग) घनानंद (घ) देव
265. 'खाल को ख्याल मढ़्यो बजे ढोल ज्यों, देव तू चेतत क्यों न सबेरो' के रचयिता कौन हैं?
(क) देव (ख) भूषण (ग) मतिराम (घ) घनानन्द
266. 'आखिर राग न रंग न तौ, सुर फूटि गये फिरि काठ को घेरो' के कवि कौन हैं?
(क) भूषण (ख) घनानन्द (ग) देव (घ) मतिराम
267. 'साँसन ही में समीर गयो अरु आँसुन ही सब नीर गयो ढरि' के रचनाकार कौन हैं?
(क) मतिराम (ख) देव (ग) हरिऔध (घ) भारतेन्दु
268. 'कान्ह भये प्रानमय प्रान भये कान्हमय, हिय में न जानि परे कान्ह है कि प्रान है' के रचयिता कौन हैं?
(क) भारतेन्दु (ख) भूषण (ग) बिहारी (घ) घनानन्द
269. 'नेह के बजाय बाज छोड़ि सब लाज आज घूँघट उघारि ब्रजराज हेतु नाची मैं' के रचयिता कौन हैं?
(क) भूषण (ख) घनानन्द (ग) भारतेन्दु (घ) देव
270. 'गुरुजन बरजि रहे री बहु भाँति मोहि, संक तिनहूँ की छोड़ि प्रेम रंग राँची मैं' के रचनाकार कौन हैं?
(क) मतिराम (ख) घनानन्द (ग) भारतेन्दु (घ) भूषण
271. 'रोकहिं जो तो अमंगल होय और प्रेम नसै जो कहै पिय जाइए' के रचयिता कौन हैं?
(क) भूषण (ख) घनानन्द (ग) भारतेन्दु (घ) हरिऔध
272. 'वासों पयान समै तुमरे हम का कहैं आपै हमें समझाइए' के रचयिता कौन हैं?
(क) भूषण (ख) भारतेन्दु (ग) देव (घ) मतिराम
273. 'मारग प्रेम को को समुझे हरिचंद यथारथ होत यथा है' किनका काव्यांश है?
(क) मतिराम (ख) घनानन्द (ग) भारतेन्दु (घ) हरिऔध
274. 'बावरे हैं बृज के सगरे मोहिं नाहक पूछत कौन विथा है' के रचनाकार कौन हैं?
(क) भारतेन्दु (ख) घनानन्द (ग) मतिराम (घ) देव
275. 'नैन लाल कुसुम पलास से रहे हैं फूलि, फूल-माल गरें बन झालरि-सी लाई है' के रचयिता कौन हैं?
(क) घनानन्द (ख) हरिऔध (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) भारतेन्दु
276. 'तेरे बिछुरे ते प्रान कंत के हिमंत अंत, तेरी प्रेम-जोगिनी बसंत बनि आइ है' के रचयिता कौन हैं?
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) देव (ग) भारतेन्दु (घ) हरिऔध
277. 'दीनदयाल कहाई के धाई कै दीनन सों क्यों सनेह बढ़ायो' के रचयिता कौन हैं?
(क) भारतेन्दु (ख) मतिराम (ग) घनानन्द (घ) देव
278. 'ऐसो ही जो पै सुभाव रह्यो तो गरीब नेवाज क्यों नाम धरायो' के रचयिता कौन हैं?
(क) मतिराम (ख) घनानन्द (ग) भारतेन्दु (घ) मैथिलीशरण गुप्त

279. 'व्यापक ब्रह्म सबै थलपूरन हैं हमहूँ पहिचानती हैं' के कवि कौन हैं?
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) हरिऔध (ग) भारतेन्दु (घ) देव
280. 'पिय प्यारे तिहारे निहारे बिना अँखियाँ दुखियाँ नहीं मानती हैं' के रचनाकार कौन हैं?
(क) हरिऔध (ख) भारतेन्दु (ग) मतिराम (घ) घनानन्द
281. 'घेरि-घेरि घन आए छाय रहे चहुँ ओर, कौन हेत प्राननाथ सुरति बिसारी है' के रचनाकार कौन हैं?
(क) घनानन्द (ख) मतिराम (ग) भारतेन्दु (घ) भूषण
282. 'प्रीतम पियारे नंदलाल बिनु हाय यह, साँवन की रात किधौं द्रोपदी की सारी है' के कवि कौन हैं?
(क) मतिराम (ख) देव (ग) भूषण (घ) भारतेन्दु
283. 'ऊघो जू सूधो गहो वह मारग ज्ञान की तेरी जहाँ गुदरी है' के कवि कौन हैं?
(क) भारतेन्दु (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) हरिऔध (घ) भूषण
284. 'एक जौ होय तो ज्ञान सिखाइए कूप ही में यहाँ भाँग परी है' के रचनाकार कौन हैं?
(क) भारतेन्दु (ख) भूषण (ग) देव (घ) बिहारीलाल
285. 'मन-मोहन ते बिछुरी जब सों तन आँसुन सों सदा धोबती हैं' के कवि कौन हैं?
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) भूषण (ग) भारतेन्दु (घ) देव
286. 'इन दुखियान को न चैन सपनेहुँ मिल्यौ तासो सदा व्याकुल विकल अकुलायेंगी' के कवि कौन हैं?
(क) भारतेन्दु (ख) मतिराम (ग) देव (घ) हरिऔध
287. 'मैं हूँ ऊधो पुलकित हुई आपको आज पाके सन्देशों को श्रवण करके और भी मोदिता हूँ' के कवि कौन हैं?
(क) भारतेन्द (ख) हरिऔध (ग) भूषण (घ) देव
288. 'ताराओं में तिमिरहर में बह्नि में औ शशी में, पाई जाती परम रुचिरा ज्योतियाँ हैं उसी की' के कवि कौन हैं?
(क) मतिराम (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) हरिऔध (घ) देव
289. 'हरिऔध' किस कवि का उपनाम है?
(क) रामनरेश त्रिपाठी (ख) अयोध्या सिंह उपाध्याय
(ग) श्यामनारायण पाण्डेय (घ) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
290. 'यह हुआ मणि-कांचन योग है/ मिलन है यह स्वर्ग-सुगंध का' के रचनाकार कौन हैं?
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) हरिऔध (ग) भारतेन्दु (घ) मतिराम
291. 'नीलाम्बर परिधान हरित पट पर सुन्दर है सूर्य-चन्द्र युग मुकुट मेखला रत्नाकर है' के कवि कौन हैं?
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) भारतेन्दु (ग) घनानन्द (घ) हरिऔध
292. 'जो जननी का भी सर्वदा थी पालन करती रही, तू क्यों न हमारी पूज्य हो मातृभूमि, मातामही' के कवि कौन हैं?
(क) हरिऔध (ख) भारतेन्दु (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) देव
293. 'जिसकी रज में लोट-लोट कर बड़े हुए हैं, घुटनों के बल सरक-सरक कर खड़े हुए हैं' के रचनाकार कौन हैं?
(क) भारतेन्दु (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) घनानन्द (घ) भूषण

294. 'पालन-पोषण और जन्म का कारण तू ही, वक्षस्थल पर हमें कर रही धारण तू ही' के रचयिता कौन हैं?

(क) घनानन्द (ख) भूषण (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) मतिराम

295. 'हमें जीवनाधार अन्न तू ही देती है, बदले में कुछ नहीं किसी से तू लेती है' किनकी रचना है?

(क) मतिराम (ख) हरिऔध (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) देव

296. 'पाकर तुझ से सभी सुखों को हमने भोगा, तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा?' के रचनाकार कौन हैं?

(क) हरिऔध (ख) भारतेन्दु (ग) घनानन्द (घ) मैथिलीशरण गुप्त

297. 'नवधा भक्ति' शीर्षक कविता के रचयिता कौन हैं?

(क) भारतेन्दु (ख) भूषण (ग) हरिऔध (घ) मैथिलीशरण गुप्त

298. 'मातृ-भूमि' शीर्षक कविता की रचना किसने की है?

(क) 'हरिऔध' (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) भारतेन्दु (घ) देव

299. कौन कवि बादशाह मुहम्मदशाह रंगीले के दरबार में थे :

(क) बिहारी (ख) घनानंद (ग) भूषण (घ) ठाकुर

300. किस कवि ने अपने कवित्तों में ऋतुओं का सुंदर चित्रण किया है :

(क) सेनापति (ख) बिहारी (ग) कबीर (घ) रहीम